

भरपूर सेहत के साथ जियें

NYC HEALTH+ HOSPITALS

NYC YOUNG MEN'S INITIATIVE

*ब्रौशर तक ऑनलाइन पहुँच के लिए अपने स्मार्ट फोन से इस क्यूआर (QR) कोड को स्कैन करें!*

**संपर्क में रहें। हमें फॉलो करें।**

www.nychealthandhospitals.org

# संरक्षण के लिए मार्गदर्शन



NYC HEALTH+ HOSPITALS

Hindi_10/2020



## तब क्या होगा जब मेरे बच्चे की आयु 18 वर्ष हो जाएगी?

अपने बच्चे के 18वें जन्मदिन के बाद, आप उसके कानूनी संरक्षक नहीं रहते हैं। कानून के अनुसार, 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले सभी लोगों को सक्षम माना जाता है। कानूनी तौर पर, *योग्यता* को स्वास्थ्य देखभाल, वित्त और जीवन के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित निर्णय लेने की समर्थता के रूप में परिभाषित किया जाता है।

स्वास्थ्य देखभाल में, योग्यता को चिकित्सा उपचार के लिए *सूचित सहमति* देने की समर्थता द्वारा निर्धारित किया जाता है। सूचित सहमति चिकित्सा उपचार से जुड़े सभी लाभों और जोखिमों को समझने की क्षमता होती है। यदि आपको ऐसा लगे कि आपका बच्चा सूचित सहमति प्रदान करने में असमर्थ है, तो आप उसके 18वें जन्मदिन के बाद संरक्षण प्राप्त करने पर विचार कर सकते हैं। यह आपके वयस्क बच्चे की सुरक्षा और सहायता कर सकता है जब वे चिकित्सा देखभाल प्राप्त करते हैं।

## संरक्षण क्या होता है?

संरक्षण अदालत द्वारा माता-पिता या किसी विश्वसनीय व्यस्क को कानूनी तौर पर प्रदान किया जाता है। किसी ऐसे अन्य व्यक्ति के लिए उसके सर्वोत्तम हित में निर्णय लेना कानूनी अधिकार है जो स्वयं के लिए निर्णय लेने में "असमर्थ" है। 18 वर्ष की आयु होने के बाद सभी लोगों को सक्षम माना जाता है। चिकित्सा में, *योग्यता* को सूचित सहमति देने की क्षमता या व्यक्ति की उस देखभाल को पूरी तरह से समझने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसे वे प्राप्त करने के लिए सहमत हैं।

यदि आपके बच्चे की आयु 18 वर्ष हो गई है और आपको ऐसा लगता है कि उन्हें अभी भी चिकित्सा निर्णय लेने में सहायता की आवश्यकता है, तो आपको या किसी अन्य विश्वसनीय वयस्क को उनकी सुरक्षा के लिए कानूनी अभिभावक के रूप में चुना जा सकता है। आपके वयस्क बच्चे की योग्यता का आंकलन करने के लिए एक चिकित्सक और एक मनोवैज्ञानिक द्वारा मूल्यांकन किए जाने की आवश्यकता होगी।

## कानूनी संरक्षक बनने के लिए कौन योग्य है?

यू यॉर् राज्य में, 18 वर्ष से अधिक की आयु वाला कोई व्यक् और यूएस का कानूनी नागरिक एक योग्य संरक्षक है। एक नाबालिग का कानूनी संरक्षक, जो सामान्य तौर पर उस नाबालिग का माता या पिता होता है, या फिर वह एक रिश्तेदार या एक विश्वसनीय वयस्क भी हो सकता है। आपराधिक रिकॉर्ड वाला कोई भी व्यक्ति संरक्षक बनने के योग्य नहीं हो सकता।

## संरक्षक बनने की प्रक्रिया

### एक नाबालिग का संरक्षण

संरक्षक बनने के लिए, आपको यह अवश्य करना होगा:

+ संरक्षण के लिए अदालत में याचिका दायर करना।
+ चिकित्सा निर्णयों के संबंध में अपने बच्चे की योग्यता के बारे में एक लाइसेंस प्राप्त चिकित्सक **और** लाइसेंस प्राप्त मनोवैज्ञानिक द्वारा आपके बच्चे का मूल्यांकन करवाना।

यदि यह तय किया जाता है कि आपका बच्चा चिकित्सा निर्णयों के लिए सूचित सहमति देने में असमर्थ है, तो एक सुनवाई आयोजित की जाएगी जिसमें एक कानूनी संरक्षक का चयन किया जाएगा।

## विशेष प्रकार के संरक्षण

*अस्थायी संरक्षण* का अनुमोदन आपातकालीन स्थितियों में दिया जाता है जब कोई व्यक्ति स्वयं निर्णय लेने में असमर्थ हो। न्यू यॉर्क राज्य में अस्थायी संरक्षण का अनुमोदन तुरंत दिया जा सकता है और यह 60 दिनों तक जारी रह सकता है।

*अतिरिक्त या आधारित (स्टैंडबाय) संरक्षण* किसी व्यक्ति को नाबालिक के अस्थायी संरक्षण का अनुमोदन देता है जब माता-पिता नाबालिग का पालन पोषण नहीं कर सकते हैं। ऐसा अक्सर तब होता है जब माता-पिता बीमार हो या उसकी मृत्यु हो चुकी हो।

आप न्यू यॉर्क राज्य अदालती इलेक्ट्रॉनिक फ़ाईलिंग (New York State Courts Electronic Filing, NYSCEF) वेबसाइट पर याचिका दायर करने के लिए आवश्यक सभी जानकारी को देख सकते हैं:

http: //www.nycourts.gov/courthelp//Guardianship/basics.shtml

## शब्दावली

**अयोग्य वयस्क:** 18 वर्ष से अधिक आयु वाला व्यक्ति जो अपने लिए निर्णय लेने में असमर्थ है।

**वार्ड:** ऐसा व्यक्ति जिसके लिए एक संरक्षक निर्णय लेता है। वे नाबालिग, विकासात्मक तौर पर विकलांग व्यक्ति या अक्षम वयस्क हो सकते हैं।

**विकासात्मक विकलांगता:** एक ऐसी स्थिति जो सूचित सहमति देने की व्यक्ति की क्षमता को सीमित कर सकती है। यह स्थिति बचपन में उत्पन्न होती है और यह अध्ययन, भाषा, व्यवहार और/या शारीरिक विकास से संबंधित हो सकती है।

**संरक्षक की नियुक्ति के लिए याचिका:** एक नाबालिग, अक्षमवयस्क या विकासात्मक तौर पर विकलांग वयस्क का संरक्षक बनने के लिए आवश्यक दस्तावेज़।

**संरक्षक:** 18 या उससे अधिक आयु का व्यक्ति जिसे बच्चे, एक अयोग्य वयस्क या एक विकासात्मक तौर पर विकलांग वयस्क की शिक्षा, वित्त और चिकित्सा देखभाल से जुड़े निर्णय लेने अधिकार प्राप्त है।

**संरक्षण:** ऐसा अधिकार जो कानून किसी व्यक्ति को एक बच्चे, एक अयोग्य वयस्क या एक विकासात्मक विकलांग वयस्क की शिक्षा, वित्त और चिकित्सा देखभाल से संबंधित निर्णय लेने के लिए अनुमति देता है।

**सूचित सहमति:** प्राप्त सेवाओं के जोखिम और लाभों की पूरी समझ के साथ दी जाने वाली अनुमति।

**स्वास्थ्य देखभाल प्रॉक्सी:** एक ऐसा व्यक्ति जिसे कोई व्यक्ति अपने लिए स्वास्थ्य देखभाल संबंधित निर्णय लेने के लिए चुनता है यदि वह स्वयं के लिए निर्णय लेने में असमर्थ हो।

